# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(अष्टम् सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 1 अप्रैल, 2015/11 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 6**

----

### पुनर्वास नीति

858 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने प्रदेश में तिब्बती समुदाय के भूमि सम्बन्धी मामलों पर पुनर्वास नीति की अधिसूचना की है; और

(ख) यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

### बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर योजना

859 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि किस-किस योजना को दी गई; ब्यौरा पंचायतवार नाम सहित दें ?

----

## महिला सशक्तिकरण योजना

860 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत माता शबरी महिला सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत कितने परिवारों को लाभान्वित किया गया; ब्यौरा पंचायतवार नाम सहित दें ?

----

## बाल आश्रम

861 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सुन्दरनगर बाल आश्रम में कितने शौचालय व बाथरूम का निर्माण किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## अवैध कब्जें

862 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत परसियार के गांव सरोह फाटी (हाल निवास चनुड) में कुछ लोगों ने अवैध कब्जे रखे हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें ?

----

## मल-प्रवाह योजना

863 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पंचायत चुवाड़ी के मल-प्रवाह योजना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) दिनांक 15.2.2015 तक स्थानीय जनता की मांग के दृष्टिगत नगर पंचायत द्वारा कूड़ा-कर्कट की डंपिंग हेतु क्या-क्या प्रावधान किए हैं; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 16 मार्च, 2015.** **सचिव।**